SAMAGRA PLUS

# FIRST TERM SAMPLE PRACTICE PAPER

# HINDI

**B**

**Time : 1½ Hrs** **Score : 40**

---

* पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है।
इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।

* वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना: 'झटपट और नटखट' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

झटपट परेशान हो जाता और घर लौटकर माँ से शिकायत करता, "माँ, छोटा बहुत परेशान करता है।" "छोटा है न!" माँ मुसकरा देतीं, "और बड़े को तो छोटे का ध्यान रखना ही पड़ता है।"

1. "और बड़े को तो छोटे का ध्यान रखना ही पड़ता है।" यह किसने कहा? 1

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य को आगे बढ़ाएँ। 2

   (हमेशा, बड़े को)

   ध्यान रखना पड़ता है।

   छोटे का ध्यान रखना पड़ता है।

   .......................................................

   .......................................................

3. झटपट क्यों परेशान है? 2

4. कहानी के आधार पर **चार** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 4

   नटखट तीसरी कक्षा में पढ़ता है।
   झटपट और नटखट अपने गाँव के स्कूल में पढ़ते हैं।
   नटखट को गिट्टी पैराना आता है।
   नटखट को तैरना आता है।
   झटपट पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है।
   झटपट को स्कूल के रास्ते में रुककर छोटे का इंतज़ार करना पड़ता है।

SAMAGRA PLUS

**सूचना: 'बहुत दिनों के बाद'–कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> बहुत दिनों के बाद
> अबकी मैंने जी भर देखी
> पकी–सुनहली फ़सलों की मुसकान
> बहुत दिनों के बाद
> बहुत दिनों के बाद
> अबकी मैं जी भर सुन पाया
> धान कूटती किशोरियों की कोकिलकंठी तान
> बहुत दिनों के बाद

5. इनमें से विशेषण शब्द कौन–सा है? 1

    (फ़सल, तान, बहुत, धान)

6. समान आशय वाली पंक्ति चुनकर लिखें। 2

    धान कूटती युवतियों की सुरीली आवाज़ मन भर सुना ।

7. 'फ़सलों की मुसकान' –से क्या तात्पर्य है? 2

8. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4

**सूचना: 'घर' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 11 और 12 के उत्तर लिखें।**

> "और श्रीमान फरहाद? "
> छिपकली ने ततैया और मकड़ी दोनों की ओर देखते हुए पूछा।
> "क्या तुम उनकी बात कर रही हो जो शरीर पर से एक तरह के कपड़े उतार कर दूसरी तरह के कपड़े पहनते रहते हैं? पर वो तो केवल रात में रहने के लिए यहाँ आते हैं। उसमें भी ज़्यादातर समय सोए रहते हैं। थोड़ी देर के लिए जागते हैं तो किताब उठाकर पढ़ने लग जाते हैं।

9. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

    क) वे + की = उनकी    ख) वह + की = उनकी

    ग) यह + की = उनकी    घ) ये + की = उनकी

10. संकेतों की सहायता से फरहाद की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें। 4

- सामाजिक चेतना रखनेवाला।
- अध्ययनशील।
- दूसरों की भलाई चाहनेवाला।
- प्राणियों पर दया रखनेवाला।

अथवा

प्रस्तुत प्रसंग पर छिपकली और मकड़ी के बीच की **बातचीत** तैयार करें।

**सूचना: 'फूल'–कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।**

> एक ही भाव से
>
> हमेशा दहकते रहते हैं ये फूल
>
> मैं इन्हें देर तक देखता रहा–
>
> फिर आँखों में उतरा गए चुभते हुए–से
>
> अपने आँगन के खिलते–मुरझाते फूल।

11. 'एक ही भाव से / हमेशा दहकते रहते हैं ये फूल' –कवि ने ऐसा क्यों कहा होगा? 2
12. 'प्रकृति की रक्षा, हमारी सुरक्षा'– संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

अथवा

संकेतों की सहायता से 'प्रकृति जीवन का आधार है'–विषय पर **लघु लेख** तैयार करें।

- प्रकृति का महत्व।
- प्रकृति से लाभ।
- प्रकृति प्रदूषण।
- प्रकृति का संरक्षण।

**सूचना: 'झटपट  और नटखट' कहानी का यह अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> झटपट को तैरना आता था। उसने झट अपना बस्ता पीठ से उतारकर पुल की मुंडेर पर रखा और नदी में  कूद पड़ा। थोड़ी दूर तैरने के बाद ही उसने नटखट को पकड़ लिया और किनारे पर ले आया।

13. नमूने के अनुसार लिखें। 1

| | |
|---|---|
| नटखट नाव बनाता है। | नटखट नाव बना रहा है। |
| झटपट तैरता है। | झटपट....................। |

14. झटपट ने नटखट को कैसे बचाया? 2

15. झटपट ने नदी में कूदकर नटखट की जान बचाई। इस प्रसंग पर नटखट की **डायरी** लिखें। 4

16. निम्न लिखित वाक्यों में से शस्ति की **चार** विशेषताएँ चुनकर लिखें। 4

क) ब्लर्ब या शस्ति किसी पुस्तक, या सिनेमा के प्रचार के लिए लिखे जानेवाले प्रेरक सारांश है।

ख) रचना की तरह पाठक या दर्शक को आकर्षित करता है।

ग) इसमें रचना और रचनाकार से संबंधित विस्तृत विवरण मिलता है।

घ) यह किताब या प्रचारण सामग्री के पिछले आवरण पृष्ठ पर छपा जाता है।

ङ) ब्लर्ब या शस्ति एक सृजनात्मक कार्य है।

च) इसकी भाषा और शैली सामान्य होती है।

# मूल्यांकन सूचक (Scoring indicators)
# हिंदी

| क्रम संख्या | मूल्यांकन सूचक | स्कोर / सूचक | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | माँ ने | 1 | 1 |
| 2 | आशय समझकर वाक्य की सही पूर्ति की है।<br>वाक्य की पूर्ति आंशिक रूप से सही है। | 2<br>1 | 2 |
| 3 | आशय समझकर सही उत्तर लिखा है।<br>सही उत्तर लिखने का प्रयास किया है। | 2<br>1 | 2 |
| 4 | नटखट तीसरी कक्षा में पढ़ता है।<br>नटखट को गिट्टी पैराना आता है।<br>झटपट पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है।<br>झटपट को स्कूल के रास्ते में रुककर छोटे का इंतज़ार करना पड़ता है। | 1<br>1<br>1<br>1 | 4 |
| 5 | बहुत | 1 | 1 |
| 6 | अबकी मैं जी भर सुन पाया<br>धान कूटती किशोरियों की कोकिलकंठी तान | 1<br>1 | 2 |
| 7 | आशय समझकर सही उत्तर लिखा है।<br>सही उत्तर लिखने का प्रयास किया है। | 2<br>1 | 2 |
| 8 | कवि और कविता का संक्षिप्त परिचय देते हुए दी गयी पंक्तियों का आशय उचित भाषा में प्रस्तुत किया है।<br>कवि और कविता का परिचय एवं आशय की प्रस्तुति एक हद तक सही है।<br>कवि और कविता का परिचय और आशय लेखन आंशिक रूप से सही है।<br>आशय लिखने का प्रयास किया है। | 4<br><br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 9 | वे + की = उनकी | 1 | 1 |
| 10 | आशय समझकर भूमिका, विश्लेषण, उपसंहार और शीर्षक के साथ उचित भाषा में टिप्पणी लिखी है।<br>एक हद तक उपर्युक्त अंश टिप्पणी में है।<br>उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से टिप्पणी में हैं।<br>टिप्पणी लिखने का प्रयास किया है। | 4<br><br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 10* | प्रसंग समझकर उचित शैली में बातचीत की पूर्ति की है।<br>उपर्युक्त संकेत एक हद तक उपज में विद्यमान है।<br>उपर्युक्त सूचक उपज में आंशिक रूप से है।<br>बातचीत लिखने का प्रयास किया है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 11 | आशय समझकर सही उत्तर लिखा है।<br>सही उत्तर लिखने का प्रयास किया है। | 2<br>1 | 2 |
| 12 | संक्षिप्त वाक्यों में आकर्षक रूप संविधान के साथ पोस्टर तैयार किया है।<br>पोस्टर के उपरोक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं। | 4<br>3 | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पोस्टर की आवश्यक विशेषताएँ आंशिक रूप से हैं।<br>पोस्टर तैयार करने का प्रयास किया है। | 2<br>1 | |
| 12* | आशय समझकर भूमिका, विश्लेषण, उपसंहार और शीर्षक के साथ उचित भाषा में लेख लिखा है।<br>एक हद तक उपर्युक्त अंश लेख में है।<br>उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से लेख में हैं।<br>लेख लिखने का प्रयास किया है। | 4<br><br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 13 | झटपट तैर रहा है। | 1 | 1 |
| 14 | आशय समझकर सही उत्तर लिखा है।<br>सही उत्तर लिखने का प्रयास किया है। | 1<br>1 | 2 |
| 15 | तारीख़ के साथ आत्मनिष्ठ भाषा में उत्तमपुरुष नज़रिए से नटखट के विचारों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है।<br>उपज में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्‌यमान हैं।<br>उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं।<br>डायरी लिखने का प्रयास किया है। | 4<br><br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 16 | क) ब्लर्ब या शस्ति किसी पुस्तक, या सिनेमा के प्रचार के लिए लिखे जानेवाले प्रेरक सारांश है।<br>ख) रचना की तरह पाठक या दर्शक को आकर्षित करता है।<br>घ) यह किताब या प्रचारण सामग्री के पिछले आवरण पृष्ठ पर छपा जाता है।<br>ङ) ब्लर्ब या शस्ति एक सृजनात्मक कार्य है। | 1<br><br>1<br>1<br>1 | 4 |